Appendix - 2 A

## परिशिष्ट २ अ

### अप्रकाशित गुजराती रचना

### तिथि - राग केदारो

: फा० गु० सा०स०बम्बई, ह० लि० पो० संख्या २६७, ३२१ :

एम वाशा पूरण ब्रह्म हरि भुलुं नहि जोउ दृष्ट करी
जाण्यो निरंतर सर्वावास, जोतां पूरण थाए अमास १
प्रती पदे चाले हरि वडे, एम आपीयुं शोध्युं जडे,
संमिक जाण्युं माया हास, बीहीतो तो पडवाने त्रास २
द्वितिया आवी ती ते खरी, पण संत समागमे कीधी पहरी,
चिदानंद मल्ये पडी रीझ्य, हवे शोधी न लाधे बीज ३
तर्त इहां टाले ते खरो, जाणो ते माथा उफरो,
ते वडे वरते त्रिलोक, त्रीजे गुण तेहने मन फोक ४
चतुर तेथी बीजो को नथी जेह्ने चारे अवस्ता आपा वती,
निराधार नही केह्नी ओथ, उत्पत्य स्थित्य ले जे माहिते चोथ्य ५
पंच माहे परवरते एम काष्टे वन्ही तीले तेल ज्यम,
एम समझे द्वैत गयुं शमी, चतुरातीत कहीए पंचमी ६
षायष्टधा थयुं ते एम, पंच महाभूतने सत रज त्यम,
न्यारी व्योम ज्यम घट मठ, त्यम पंच थकी परवरते छठ ७
सातम सघले विस्तार, एकाणीव नही वारपार,
ए जाणे द्वैत बुध्य शमी, त्यारे सुखनी अवघ वली सप्तमी ८

अष्ट महा सिध्य आ तांहां जाण्य, जेह्नी आभा ज्यारे खांण
चलण वलण सहित छे एम, खाव निरंतर ए आठेम ६
ए नोमे एक कीधो विचार, मुज तुज मध्य रहे ते सार,
ब्रह्म अग्नि मांहां अहंकृत्य होम्य, त्यारे पूरण थाये नोम्य १०
दसे में कीधां चालतां, मुज वडे दीसे महालतां,
इंद्री चलते हूं ते त्यम, एह्ने न्याये थई दशम्य ११
एकादशे कलो नव जाय, सघली दशे तेह्नी ते माहि,
अदबद छे नही केह्ने वश, मननी चितवन अग्यारस १२
द्वादश अंगुल श्वासे जीव, चेह्ने नाम पड्युं पण शिव,
जीव शिव परमाणें जेह, बारसनो भोगी छे तेह १३
तेरसनो रसीओ त्यां तेहेज, पण जीव बुध्ये न पामे हेज,
विमला बुध्य ज्यारे हुलसी, त्यारे ते थई त्रयोदशी १४
चतुरदशी अर्धो उर्ध जेह, स्थीर पूरण अविनाशी तेह,
चित्र विचित्र ते माया वसी, खात्य अनंत पडी चौदशी १५
पूरणमांहा आवी अर्थ थयो, छेद भेदनो संशे गयो,
बुध्य परमाणे समभ्यो जंत जयथा तथ्य कही पून्यम १६
सोले तिथिनो करे विचार गुरुनी दृष्टे काहाढें पार,
हस्तामलक ब्रह्मांडज थाय अखा वस्तु रूप थइ जाय १७

Appendix - 2 Aa

## परिशिष्ट २ आ

### अप्रकाशित गुजराती रचना

### विष्णुपद

: गु० व० सो० ह० लि० पो० ५७८ :

पृ० १

।। ओम श्री गुरु परमात्माने नम: ।। अथ अखाजीनां विष्णुपद लिष्यते ।।

पद १ राग रामकली

पूरण ब्रह्म व्यापि रह्यो पोते । मागो मर्म स्वतंतर जोते रे ।।पूरण ।।१।।

ते खामेवा जाय रे नर सांहामो । ते जाणेवो मायानो रे मांमो ।।पूरण।।२।।

ज्यांहां जेवो त्यांहो श्री रंग पोते ।। ससे जाये विचारि रे जोते रे ।।पूरण ।।३।।

स्वामी सेवक बुद्ध परमाणे ।।चित्र आगल दई अविद्या रे वामि रे ।।पूरण ।।४।।

अणाकृती माया मध्ये रही माले ।।मिथ्या जीव ने धांधल घाले रे ।।पूरण ।।५।।

प्रकृति जोवी रे पूरश रे तेवो रे ।। मृगजल विच्यारे पत्र तह्वोरे ।।पूरण ।।६।।

वस्तु विचारे मिथ्या रे सखे । सकल लागा मोहोजाल ने तरवे रे ।। पूरण ।।७।।

कहे अखो राम जेमनो रे तेम छे ।।पूरा गुरु बिना सकलने अगम्य छे ।।पूरण ।।८।।

पद ।।२।।

ओपे रे अनुभव रवो रे जुगमां । जो हरिरस चाले रे, रगरगमां रे ग। ओपे ।।१।।

जेम सुरो रणमां देख्ने न देखे । तो घड जूझे शिष्य ज पाखे रे ।।ओपे ।।२।।

तो हरि प्रीत्य वले छे रे पूरि । जेहनी सुरत चाले रे अतिसूरि रे ।।ओपे ।।३।।

राम आवे तो रे सूरे पंडा पडते कहाते राम निरबल छे रे घडते ।।ओपे ।।४।।

श्राम आवे तो रे जाण्यो रे सरवे । जे जन निश्चे राख्यो रे मरवे ।।ओपे ।। ५।।

राम तणा जन जे जे रेह छे । तो रामतणो घेर न्यूनता सि छे ।।ओपे ।।६।।

लुद्र भोग तो हरि ना ना न मागे । जेह्नी सूरत स्वामीसूं रे लागे ।ओपे।।७।।

रसबस रहे अखा जो राम साथें । तो अलगां केम रेह्वासे रे नाथे ।।ओपे ।।८।।

पृ०२ पद २ अंतिम पंक्तियां

भाई सरवकालनो शशी उगो ।तेणें निर्मल थयुं नभ शिरे ।

वस्त विच्यारि विगतो थयो । आत्मदर्शी माहाधीर ।सो अं ।।६।।

भाई आरोपि नें बोजिया उचरवा नथी रेण । कहे अणो समफी रह्यो रहे नेतिनेति

नो शेष ।।सो अं ।१०।।

पृ०२-३ पद ३

भाई सिंहण केरा दुध में । जीवे सिंह्नां बाल ।

साड सोला पात्र विना । काटी जाये ततकाल ।।ब्रह्म ।।८।।

श्वान नें जरे नहीं । महीषी गवरीनुं ~~कैर~~ षीर

त्येम देहदर्शिनें तत्वदर्शी । समफ जो मन धी ।।बह्म ।। ६ ।।

भाई चंद्रकांत्ये चंद्र दीसे । सूर्यकांते सूर ।

वस्तु दृष्टे वस्तु दीसे चैतन्य ब्रह्म हजुर । ब्रह्म ।।१०।।

भाई स्वें विना ना सिद्धांत नो हे ।। आतमानु आप ।।

गुण दृष्टें गुण देषे । जेह्ने मांहि अणा बीजा थाय ।।ब्रह्म ।।११।।

पृ० ३ पद-४

जेने काल नहीं ने कर्म न लागे । अवस्थाचारनो साक्षी रे ।।

ते पद परसे जीव न रेहे तो समज्या पाषे रे ।। दाया।।३।।

जेने आद्य नहीं ने अन्त न दीसे । मध्य मना स्वाये रे ।।

मन मुज ग्रहे मानव मत्य न रहे ।त्यारे संध्ये स्थीत ज थाये रे ।।दाया ।।

ओमकारनी आचे जे हु तो । अला कें छे एवो रे ।।

अणा ते अनुभव पद साचूं जो सेवाये तो सेवो रे ।। दाया।।५।।

पृ०८ पद १६

----------

जेम अंबुधि मांह्थी ।।अंबु ने लर वरसे छे वार ।।

तेह्नां नदी नालां नांम धराये ।। वणन सामां मेलां थाये ।। आपे ।।५।।

त्यांहां रे ऊंथै ने ताह्यरो काढ बाजाउ छेक ।।

विजयोनु विचारतां तो कोण कहे बे एक ।।आपे।। ६।।

आरोपण हुं तुं पन तू ।। ए समरसता निगुज्य ।।

हुं हुं ने प्रणावि कहुं आवे आवे आपनी सुफ ।।आपे ।।७।।

अणो आरोपण उणाछतो । वस्तु गत्यें तूं राम ।।

एम जोतांर तूं जेम थयुं । सेहेजे साध्युं काम ।।आपे ।।८।।

Appendix - 2 E

परिशिष्ट २ इ

अप्रकाशित गुजराती रचना

चतुल्श्लोकी भागवत

: डॉ. अनिल त्रिपाठी के पास से उपलब्ध :

श्री कृष्णाय नमः श्री गुरुभ्यो नमः ।। अथ श्री चतुरश्लोकी भागवत लषिते ।।

श्री भगवानुवाच: ।। श्लोक ।। ज्ञानं परमगुह्यमेदं विज्ञान समन्वितुम् ।

सरहस्यं तदंगंच गृहाणगदीतं मया ।।१।।

श्री भगवान कहे छे ।। चौ पै हे ब्रह्मा तुनें में हे कहां जे चार पदार्थ ते तुं ग्रहे करय-आंख ।। ते कीहां च्यार पदार्थ ते कहीये छे ।। एक पदार्थज्ञान, ज्ञान कहेतां शास्त्रार्थ सर्वनं नीरधार करीनें ये इश्वरने ओळषावे ।। ते ज्ञान कहीये बीजुं पदार्थ तां - विज्ञान ।। विसदें सर्व शास्त्र थकी युगदीस येह्वा छे ।। ए निरधार करी ह्रदैया मांहां थी बीसरे नही। केवल युगदीस नो अनुभव ।। ते विज्ञान ।। अने त्रीजो पदार्थ ते रहस्य रहस्य केहेतां सास्त्र थकी इश्वर ओलषिये ।। तेह्नी उपासंना जे भक्ति ते रहस्य ।। चोथो पदार्थ ते तदंग तदंग केहेतां भक्तिनुं जे साधन जेणं साने भक्ति उपजे ।। ए चार पदार्थ ते तुं ग्रहे ।। ए मांहारे परम गुह्य गोष्ट छे ते माटे तुं म्हारुं कहुं ग्रहे ।।१।। श्लोक ।। यावानदं यथा भावो रूप गुहा कर्मकः ।। तथैवतत्व विज्ञानम स्तुतेम दनुग्रहात् ।।२।। हे ब्रह्मा अनुग्रह थकी ये नमतत्वनुजे ज्ञान ते तुनें दी । हावे काम ह्रदया-वानि जेटलं कु पछे कूंणे हो प्रकारे रहें छुं अने यथामाने जे रूप धरू छुं जे गुण अंगीकरू छुं ।। ते सर्वमन तत्वनं जे ज्ञान ते तनू हो ।। इति आरजा समाप्तः ।।२।।

श्लोक ।। अहमेवासमेवाग्रे नान्यतुदअदसत् परं पश्चादं यदैतच्छ्मोपशिष्येत ~~अने असत्य जे~~

सोऽम्यहम् ।३।  हावे श्री भगवान आपो पें आपोपूं ओलषावे छे ।। अग्रे पूर्वे श्रष्टी थकी पेह्लो एक हुंज हूतो ।। नान्यात् किंचित् नहि कांइ बिजो ते न हतो जे सत्य केहेतां ।। कारण जे लिंग सरीर ।। ए बेहूंनु कार्य जे माया ते माया महाने विषे ।। लीन हती ।। ते माटे एक तूंज हतो बीजुं कांए नूं हतुं अने पछे प्रश्चाद जे श्रष्ठी कीधी ।। तेहूंज थओ ।। तो ए तत्व आ जे वीश्व सर्व श्रष्ठी मात्र जे जे पदार्थ ते सर्व हूंज छुं ।। कां जे माटे हूंज हतो ते माटे हूंज छूं ।। अने वली ए श्रष्ठीना प्रले थकी पछे ते नुग्रसे ते हूंज छूं वतरेकनां कोए ।। अतएव जो पेह्लो हूंज हतो ।। अने पछे श्रष्ठी थै ते हूंज ना कोण थाये ।। अने पछे नग्रसे त कोण ते माटे सर्वकासने वीषा एक हूंज छू येम जाणे ते ज्ञान ।।३।। श्रुतेर्थम यतीयि तन प्रतीयेत चात्मनीतदिंचादात्मनो मायां यथा भासो यथां तान ।।४।। आ संसार माहे जे दष्ट अने उत्पत सर्व असत्य ।। अने आत्मा सत्ये ते आत्माने आधारे रच्युं ते आ वीश्व ते आत्मज विश्वरूप थयो ।। ते माटे आत्माज विश्व रूप थयो छे ।। ते माटे आत्मा सत्य । अने ते आत्मा उपरे जे विश्व रचना ते माया कल्पीत ।। ते विश्व साचूं भासे छे ।। अने आत्मा साचो भासतो नथि । अने आत्मा एकज छे ।। एह्वी प्रतीत नथि उपजतोति ते माहारी माया जाणवी ।। साचो आत्मा उपरे जे वीश्व र रचना ते आत्माना सत्यपणा माटे वीश्व सत्य भासे छे ।। पण वीश्व सत्य भासे छे ते असत्य ।। अने आत्मा सत्य ।। ते उपर दष्टांत।। यम आभास साचो ।। यम चंद्रमा एक छे ।। अने आत्मे बे दीसे छ त्यम एक साचो छे ते । बे दीसे छे ।। वली बीजुं दष्टांत जम पुरूष अने पुरूषनी छाय

ते बे दीसे छे ।। त्यम इश्वर सत्य ।। अने बीजूं सर्व मीथ्या ।। सत्य ते आधारे असत्य ते सत्य भासे छे ।। ते माहारी माया।। ते माया ओलखीए येटले इश्वरनो अनुभव होय ते विज्ञान हवे महारि ये भक्ति ते उसखावे छे ।।श्लोक।। यथा महांति भूतानी भूतेषूच्चावचेषनु ।। प्रविष्टान्यप्रविष्टानि तथा तेषु नते ष्पदं ।।५।। जम जेटलुं नीपजे छे तेटलामांहि पांच महाभूत ते अप्रिष्टा आवे छे अने अप्रविष्ट मूलगा छे ।। ते पंच महाभूत उंचांवीचें नीचा जे प्राणिते माहे यम पंच महाभूत छे त्यम हुं छूं ।। सर्व विश्व ते हुं माहिथी नीपजु छे ।। अने सर्व विश्व माहि हुं छूं ।। अने ए विश्व थकी अलगो छूं ।। ते माटे आ सर्व नारायण - जाणीने सर्वने यथा जोगभजोवे ते भक्ति ।। हवे भक्ति उपजवानो उपाइ जे तदंग कहे छे ।।५।। श्लोक।। एतावदेव जिज्ञास्यं तत्व जिज्ञासुनात्मन: ।। अन्यय त्यति रेकाभ्यां यस्या सर्वत्र सर्वदा ।। ६ ।। ते तत्व जानवानी इच्छा करे छे ते तेणे पुरुषे एटलू जाणवूं ।। सुं जे आत्मानं तत्व ए जे अन्वय केहतां जे बे पदार्थ कह्यिये नथी थयुं ।। अने वतरेक ते पदार्थ कहीए छे ते साचूं सु कहीइएक इश्वर प्राथम जे छे तेणे ए विश्व रच्यूं तो विश्व इश्वर केहवाये ।। अने इश्वर ये विश्व रूपे हवो ।। ते माटे इश्वरनुं ए विश्वनो विषे अन्वय व्यापी अने जे नथी नीयनो पादार्थ ते थकि ईश्वर व्यतेरक अलगो ।। अने सत्य सदा एह्वो इश्वर ।। एम सर्वत्र इश्वर स्येहतुं ज्ञान आंह्वूं ।। ते भक्तिनों उपजवानुं अंग ।।६।। श्लोक।। एतन्मतं समानिष्टापरमेण समाधिना ।। भवान्कल्प विकल्पेषुन विमुह्यति कर्हिचिर ।। ७ ।। एह्वो जे महारो मत ते तूं अति उरे आंणी परम थे समाध्यये ह्र्दय तुं

जे एकाग्र पणां ।। पछे तूं सृष्टि कल्पविकल्प जे विविध्य तें विषे कचवारे अ मुझ्फाविस नही । इति श्री भागवत ते महापुराणो ब्रह्मानारायण संवादो ।। चतुश्लोंकी भागवत ।। संपूर्ण ।। साषी ।। आदि सोना अंतू सोना ।।मध्ये सोनम सोना ।। तीन घटकी रहेणा जांणे ।। ता घट पाय न थोना ।। १।।

-0-0-0-0-0-0-0

Appendix - 2 Ee

# परिशिष्ट २ ई

## अप्रकाशित गुजराती रचना

### पद

: फा०गु० सा० स० बम्बई, ह० लि० पो० सं० ११८ :

पदों की प्रथम पंक्तियाँ

१. अहंरूपवान थै पोते विलसी रह्यो,मुज तुज रूपे आप बोले ।

२. समज्या ते समजीने त्यां सम्या ।

३. भट पंडित ने वेदीआ वैष्णाव गर्व करो शुं घेला

४. राम जाणे तेने राम फले छे, दूर जाणे तेने दूर पले छे ।

५. कोण नामनो निश्चे ताहारो, सकल पिंडि तुं छे हुंकारो ।

६. निराधार रहे ते संत, आधारे वलग्या ते जंत ।

७. वस्तु विचारे भिन्न विश्वज नथी, त्रिगुण धुंवाडो काढयो पुथी ।

८. निज पद बेठे हो निश्चे उपजे, ते निश्चे पद रूप माइ रे ।

९. फांकवानुं नीर हो पंच महाभूतनुं ।

१०. आमे अंबुज नेंन आवी त्यांहां उलसी

११. तमे पिंड भरोसो कां करो

१२. जुओ जुओ विचारी छे हरि ।

। फा०गु०सा०स०बम्बई, ह०लि०पो० सं० ३३६ ।

१३. सूणरे सारंगधरा सांज समी तणी ।

१४. सत श्रीनाथ स्तवती ह्वी सहचरी ।

१५. आवोजी सतवादी शांम ।

१६. पधारोजी पीउजी पांवन ।

१७. कहोजी शामळीया सुकुमार ।

१८. सखी पधारा पंकज नेन ।

१९. जुंवंतीनिज मल मला जगनाथ सखीओ सहराओ रे ।

२०. वीनतार वीनवीआ श्रीजनाथ ।

२१. सखी सुमजी सुद्ध वचन, जाणे चीत्र लखीत छे तन ।

२२. बेहेनी कोमल भीनि वान, आणावा सरखो ध्यान ।

२३. परम पावन पदमाक्ष पंकज चरण ।

२४. प्रेमना पास वीना पीउजी नही मले ।

२५. एके सेजे सखी वीटीसख शरवरी ।

२६. केहे सखी तुज सिध्धांत मुज स्यामनी ।

२७. नाथ प्रते इशी केहे नीज नायका ।

२८. नार नीरमे रमे स्वामी सगे सदा।

२९. पार तारो मुने नव जडे नाहोला ।

३० श्री नाथ सुंदर वर भालीने भामनी ।

३१. नट वपु नीरखीने नार थई व्याकुली ।

३२. स्तुती करे सेहेचरी स्याम सुंदरतणी ।

३३. कल्पना कोटये अल्प आगल वपु ।

३४. नायका नीरखीने नाथ व्यक्तो थाओ ।

३५. प्राकृत जीव शुं पार पामी शके ।

३६. धन्य तुं धन्य तुं धन्य धरणी धरा ।

३७. कृत्य करतारनुं द्वैत समरस थयुं ॥

३८. अचरज खेल ते बाजी बलीया तणी ।

३९. खटतणी खटपट माहि को कां पडो ।

४०. धन्य धन्य तोरा कृत्य साम्रथने ।

४१. संभु उतपन मांहां शुं रे उपजे ।

४२. निरख्य नारायण नर विषे एन जे ।

४३. पंक ने अंक कां भरे पांमर मती ।

४४. परपंचने पार जाणीनि जेह्ने स्तवे ।

४५. आधने अंत प्रमाण नही जगतनुं ।

४६. ब्रह्म कवच तणो छे महिमा घणो ।

४७. आव्यो विश्वास आनंदघन छे ज तुं ।

अप्रकाशित पद -१

: गांव करणोट, ता०डभोई से प्राप्त :

जागो रे देवा नीदनीआ सुं अचेते सुवो

मोघा मुलनं वक्त अमुलक करे अवार कम धुवो ।

परोढीज काढीन जासा अख उघाडी जुव रे ।। जागो ।। १ ।।

मात पीता ए पुत्र जनमो ते थवा छे जुओ

करोलीआनु करम कमाइने माही गुचाइने मुवो ।। जागो ।। २ ।।

होहो करीने हाक ज मारे पण भेद न जाणे मुवो

ओखद मुली कम नही आवे वईद धनत्र मुवे रे ।। जागो ।। ३ ।।

कर जोडीने अखो कहे छे माअ अधरो कुवो

जोह्ने मुख रमनी वणी, ते डुबीने मुवे रे ।। जागो ।। ४ ।।

Appendix- 04

परिशिष्ट -३

## संगीत और संत अखा

आध्यात्मिक विरह- बाण से बिंधे संत अखा ने अपने " गाने " को "गान न बताकर " रोदन " बताया है[१]। वास्तव में अपने प्रियतम के बिरह में निशदिन रोनेवाले संतो का रोदन ही उनका गाना होता है, अखा ने अपने " गान " को " रबाब के" गान की उपमा दी है। इस गान को छेडनेवाला " अरूपिया ब्रह्म " है[२]। अखा-काव्य में अव्यक्त के प्रति व्यक्त ऐसे उद्दाम भावावेग को देखते हुए डा० उषा गुप्ता के शब्दों में कहा जा सकता है - " प्रिय मिलन की आशा में ये । भक्त कवि । जीवनपर्यंत अपनी हृदतंत्री के स्वर ब्राह्य वाद्यों के स्वरों में घुला मिलाकर उसके माध्यम से उस अव्यक्त को रीझाने की चेष्टा में लीन रहे[३]"।

संत अखा प्राय: वेदांत के शुष्क कवि के रूप में प्रसिद्ध होने के कारण यह विश्वास न हो सकने के बावजूद वे संगीत के मर्मज्ञ थे कुछ तथ्य ऐसे अवश्य हैं जिनके आधार पर उनको " संगीत का मर्मज्ञ " अवश्य कहा जा सकता है। उपलब्ध तथ्यों को दो रूपों में निर्दिष्ट किया जा सकता है : बहि:साक्ष्य और अंत:साक्ष्य ।

---

१. रोते देखीये नेनकुं पण रोम रोम रोवे मोय
गाता देखीये गानसा निसदिन मो मन रोय ।।१८।। बिरही अंग

२. जैसा गान रबाब का ऐसा बोलण मोय ।
बाजा छेडत अरूपिया ना अखा ते होय ।।३०।। कृपा अंग, अ०सा०पृ०

३. कृष्ण भक्ति कालीन साहित्य में संगीत : डॉ०उषा गुप्ता, भूमिका पृ० ज.

बहि:साक्ष्य

१. संत अखा के पदों की प्राचीनतम प्रतियों पर राग-रागनियों के नाम अंकित है – चूंकि एक ही पद, विभिन्न रागों में भी उपलब्ध होता है । १ । " अखानी वाणी "[१] में राग कानडा के अंतर्गत छप्पा " अकल कला खेलत नर ज्ञानी " पद " आश्रम भजनावली "[२] में राग बिभास " के अंतर्गत छपा है । । २ । " अखे गीता " में संगृहीत पद संख्या राग और दोनों में मिलता है[३]।

२. " अखानी वाणी " में अखा के पद क्रमश: मल्हार, बिहाग, कानडा, वसंत, भैरव, सामेरी, सारंग, मारू, आशावरी, जैजैवंती, तोडी, धन्या आदि रागों में विभाजित किये हुए मिलते हैं ।

३. अखा ने जकडी, फूलना, भजन, वसंत के पद, होरी, धमार, रमैणी आदि काव्य रूपों एवं लोकगीतों के प्रसिद्ध प्रकारों का प्रयोग किया है ।

अंत:साक्ष्य

प्रस्तुत विभाग में अखा द्वारा प्रयुक्त । १ । संगीत की पारिभाषिक शब्दावली । २ । गायन के विविध प्रकार, । ३ । वाद्य यंत्रों के उल्लेख, ।४। गायन संबंधी आत्मविषयात्मक उल्लेख, । ५ । गायन के अनुकूल भाषा ।६। नाद-ध्वनि के उपकारक अलंकार एवं तुक-तुकांत, तथा । ७ । उनके पदों की

---

१. अखानी वाणी पृ०

२. आश्रम भजनावली : संपा० स्व० नारायण खरे, पृ०

३. अखे गीता : संपा० प्राध्या० भूपेन्द्र त्रिवेदी, पृ०

स्वरलिपि अनुरूपता स्वं । ८ । ध्रुव, अंतरा और आभोग की दृष्टि से रचना आदि के आधार पर उनके पदों की संगीतोपयुक्तता की परीक्षा करने का प्रयास किया गया है ।

१. संगीत की पारिभाषिक शब्दावली

जिन उपकरणों से काव्य स्वं संगीत- का निर्माण होता है । उन 'हाव', 'भाव', 'छंद' तथा मूर्छना, 'तान' स्वं 'आलाप' के पारिभाषिक अर्थ स्वं उनके महत्त्व से अखा, भलीभांति परिचित थे । 'काल स्वरूप जोगी' स्वं 'माया स्वरूप जोगणी' के नृत्य का निरूपण करते हुए अखा ने अपने भजनों में इन उपकरणों का उल्लेख किया है :

हाव भाव छंद भेद मूर्छना ललित तान आलाप
येहि बिधि नाच जुगो जुग नाचत देत सबे सीर थाप[१] ।

२. गायन के विविध प्रकारों में होरी, धमार, विष्णुपद, आदि का स्वीकार परंपरा से होता आया है, अखा ने इन प्रकारों का उल्लेख ही नहीं किया है प्रस्तुत उनके अनुसार काव्य रचना भी की है, अखा द्वारा रचित होरी स्वं धमार के पदों से निम्नलिखित पंक्तियां दृष्टव्य है :

होरी :- दृष्टा दृष्ट मध्ये ही मनोहर खेलत हरि फाग
हो हो हरि कहो चिद्र शक्ति उडत शब्द पराग ।।३।।[२] धुआयें धुआयें । धमार । :- अंध धंध आतम बिन जानो, देखा गाओ धुआरय
बारो मास वसंत अखो कहे, आप में आपको पार[३] ।३। वही

१. अक्षयरस: भजन -पृ०

२. वही० धुआयें, पृ० ११

३. वही० पृ० ११

विष्णुपद: - अखा द्वारा रचित " विष्णु पद " गुजराती में है[१]। ये विष्णुपद परिशिष्ट २ में संगृहीत है ।

३. वाद्ययंत्र एवं गायन संबंधी आत्म विषयात्म उल्लेख

अखा के समय में प्रचलित " ढोल ", "बाजा," "रबाब " आदि वाद्य-यंत्रों का विशेष उल्लेख द्वितीय अध्याय में साहित्य एवं संगीत की चर्चा करते समय किया जा चुका है । चूंकि अखा ने अपने " गान " को रबाब के समरूप बताया है, यह कहा जा सकता है कि अखा उसके वादन से परिचित होंगे । यह भी संभव है कि वे स्वयं उसका उपयोग भी करते हों । अखा ने अन्यत्र भी " गायन" एवं " काव्य " का उल्लेख करते हुए परमात्मा को इन दोनों से परे बताया है :

१. गुण गाने गलित था कांई खेप करिने हरि ने खोल्य
   पण गाये ज गोविंद नहीं मले हीरा जाण्या बीना रोल्या[२] ।।१४ ।।

२. गाय गाय काहा गायगा बाचा शब्द विलास[३] ।।२।।

३. कवतें गातें हरि मिले तो मांड डूंबू तरी जाय[४] ।।४।।

---

१. दृष्टव्य: प्रस्तुत प्रबंध का परिशिष्ट -२

२. अखायस : साखी विभाग उपदेश अंग -१४

३. वही० चिदाकाश अंग -२

४. वही० लक्षहीण अंग -४

गायन के अनुकूल भाषा

" अखा ने " संतप्रिया " एवं " ब्रह्म लीला " के साथ साथ अपने पदों में भी व्रज भाषा का व्यवहार किया है। अपनी " संगीतोपर्युक्त कोमल कांत पदावली " के लिए व्रज भाषा प्रसिद्ध है। शब्दों के लोचयुक्त प्रयोग द्वारा कवि ने अपने पदों के संगीत के अनुकूल बताया है। निम्नलिखित पद में " पिया है -- पियो है, नयन का नैन, और का औरा, तेरी भीतर का तोरी भीतर, हृदय में का हृदा मां, उसको चाकुं, कभी कबहुं, " करके उसकी भाषा को संगीतोपयुक्त बनाने का प्रयत्न किया है।

राम रसायन जब जिनहिं पियो है, ताके नैन भये कछु औरा,
जब ही प्यालो मानुं कान दियो है, राम रसायन जब जिनहिं ।।१।।
उतरत कंठ कुटिलता मिट गई, जब उर अंतर वास कियो है,
भिन्न -भिन्न भाव रह्यो तोरी भीतर, सो सब महारस नीर दियो है ।२।
पियो है पीयूष पच्यो हृदामां, महा अनुभव प्रकाश कियो है,
ऊर्ध्व कमल सुधि भये ऐसे, जीव हरी निज शिव भयो है ।।३।।
उतरत नांही ताके ब्रह्मखुमारी, वांकु कबहुं न काल ग्रह्यो है ।
ज्युं का त्युंही अखा है निरंतर चित्त चिद्रूप भयो सो भयो है[1] ।।४।।

रे, जिहां रे अरे आदि गेयतावर्धक शब्दों का प्रयोग

क्या जाने लोका काला रे !
धेन भयी सो लाल गुलाला रे !
क्या जाने लोका काला रे [2]

---

१. अखायरस, पद ५ पृ०६५
२. वही० जकडी - २६ पृ०४०

अलंकार

शब्दालंकारों के अंतर्गत शब्द संगीत को उत्पन्न करने में अनुप्रास अलंकार विशेष रूप से सहायक होता है । भाषा के नाद सौंदर्य की वृद्धि में शब्दालंकारों के अंतर्गत अनुप्रास अलंकार ही विशेष महत्त्वपूर्ण है । अनुप्रास के संयोग से कविता में संगीत की छटा अनुपम हो जाती है । संत अखा की रचनाओं में अनुप्रास के छेकानुप्रास, वृत्यानुप्रास, अन्त्यानुप्रास तथा पुनरुक्तिप्रकाश के उदाहरण विपुल प्रमाण में उपलब्ध होते हैं । अष्टम अध्याय में " अखा का अलंकार विधान " परिच्छेद में छेकानुप्रास, वृत्यानुप्रास एवं पुनरुक्तिप्रकाश अलंकारों के उदाहरण दिये गये हैं । अतः यहां केवल " अंत्यानुप्रास " पर विचार किया जायेगा ।

अंत्यानुप्रास अथवा तुकांत

तुकांत पर दो ढंग से विचार हो सकता है । एक तो - चरण के अंत में पड़नेवाले स्वरों और अक्षरों के आधार पर और दूसरे प्रत्येक चरण के अन्य चरणों के समन्वय के विचार से होनेवाले स्वरूप के आधार पर । पहले को तुक का अंतर्वर्ती और दूसरे तुक का बहिर्वर्ती प्रकार कह सकते हैं । अंतर्वर्ती तुक तीन प्रकार के माने गये हैं - उत्तम, मध्यम और अधम ।...... इन तीनों के भिन्न भिन्न प्रकार के तीन तीन भेद और माने गये हैं जिनके नाम हैं - उत्तम - समसरि, विषमसरि, कष्टसरि; मध्यम, असंयोग मीलित, स्वर मीलित, दुर्मिल ; अधम - अमिल सुमिल, आदिमत्त अमिल, अंत मत्तअमिल।[१] अखा के पदों में इनमें से उत्तम एवं मध्यम के कुछ प्रकार अवश्य पाये जाते हैं ।

---

१. कृष्णभक्ति कालिन साहित्य में संगीत : डा०उषा गुप्ता, पृ०

समसरि उत्तम तुकांत

जहां तुकांत में जितने वर्ण मात्रा सहित दिखाई दे उनका स्वरूप सब स्थानों में एक-सा रहे और तुकांत में पड़नेवाले शब्द स्वत: पूर्ण हो वहां समसरि उत्तम तुकांत होता है[१]।

अजब कला अचानक उपनी, पारब्रह्म स्वरूप मना
प्रपंच पार सेवक न स्वामी, एक नहीं कोन कहे जो घना ।
स्वप्न साख देत नहीं कोई, जाग्रत में सब होत फना
अपने बले उड़त ज्युं पंखी, अखा आधार नहि ज्युं अना । पद ८ पृ०९६

विषमसरि उत्तम तुकांत

जहां सभी तुकांतों के शब्द एक से न हों, कोई तुक बड़े शब्द का खंड हो तो कोई पूर्ण, वहां विषमसरि उत्तम तुकांत होता है[२] -

उपनिषद् कहत आनंदमय, प्रकृति पार पंड़ित बतावे
जाकुं रहत है महामुनिश्वर सो ज्ञानी घर बेठ हीं पावे ।

असंयोगमीलित मध्यम तुकांत

जहां संयुक्त वर्ण के तुकांत में कोई असंयुक्त वर्ण हो वहां असंयोगमीलित तुकांत होता है[३]-

उतरत नाहीं ताके ब्रह्म खुमारी, वांकु कबहुं न काल ग्रह्यो है
ज्युंका त्युं ही अखा है निरंतर चित्त चिद्रूप भयो सो भयो है ।४। पद ५

यहां ग्रह्यो में ' ग्र ' और ' ह्य ' दोनों संयुक्त वर्ण है जबकि भयो में ' भ ' और ' य ' दोनों असंयुक्त वर्ण ।

---

१. कृष्णभक्ति कालीन साहित्य में संगीत, :डा०ऊषा गुप्ता, पृ०

२. वही०

३. वही०

## अखा के पदों का विभिन्न रागों में वर्गीकरण

अखा ने मल्हार, बिहाग, कानड़ा, वसंत, भैरवी, सामेरी, मारु, आशावरी, धन्या, जैजैवंती, टोड़ी, आदि का प्रयोग किया है। " अखानी वाणी " में इन रागों के अंतर्गत निम्नलिखित पदों का समावेश किया गया है -

मल्हार राग

१. अब मोहे आनंद अद्भुत आया ।

२. अब गया जनम मरण का सांसा ।

३. तब वे पद कैवल्य कुं रे पाइये ।

४. हार्यो मन हार्यो अहंकार ।

५. घर न चले घरवासा भागा ।

६. ना मैं घट बिना घट नाहीं ।

७. ज्ञान घटा चढ़ आई ।

८. ब्रह्म मह्ल सुख कीनो ।

९. तुज मरते बनी आवे ।

बिहाग

१०. सोई पद कौन बतावे ।

११. ज्ञानकला अतिन्यारी ।

१२. संत समागम कीजे ।

१३. राम रमे जुग सारा ।

कानडा

१४. अकल कला खेलत नर ज्ञानी

१५. उलट फिरे सोई निज घर पावे ।

१६. राम रसायण जन जिनहीं पियो है ।

१७. शब्दातीत निगम मुख गावे ।

१८. नावे गुणों निरगुण की बातें ।

१९. महा मतवाला श्री राम जना ।

२०. निर्गुण राम गुनन के विशे ।

२१. महापद मध्य महाजन वासी ।

वसंत — २२. आली सब सखियन में कवन श्याम ।

२३. आली अब को भाग, मेरो मन सहरात ।

२४. आली सघन कुंज में खेलन जाए ।

भैरव — २५. मर्म समझ हे मनवा मेरा

सामेरी । सारंग । २६. संतो बात बड़ी महापद की

मारू — २७. ए चिदु ज्यों का त्यों सदाई ।

आशावरी — २८. संतो ज्ञानी त्यां कली कैसा ?

२९. संतो सदोदित राम हमारा ।

धन्या — ३०. ज्ञानी तुं ज्ञान विचार ।

३१. अनभे तखत बिराजे ।

३२. हां तम ज्यांनो बात हमारी ।

जैजेवंती — ३३. आपे सो गेबी अवाच ।

टोडी — ३४. आलमफूल आसमान का ।

उपर्युक्त वर्गीकरण में " राग कानडा " के अंतर्गत निर्दिष्ट निम्नलिखित

पद को " राग बिभास " में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। यहां उस पद की " राग बिभास " की स्वरलिपि प्रस्तुत है -

अकल कला खेलत नर ज्ञानी ।

जैसे ही नाव हिरेफिरे दसों दिस ध्रुव तारे पर रहत निशानी ।

चलन वलन अवनी पर वाकी मनकी सुरत आकाश ठहरानी ।

तत्व-समास भयो है स्वतंतर जैसे हिम होत है पानी ।।१ ।।

छुपी आदि अन्त नहिं पायो आई न सकत जहां मन बानी

ता घर स्थिती भई है जिनकी कहि न जाय ऐसी अकथ कहानी ।।२।।

अजब खेल अद्भुत अनुपम है जाकू है पहिचान पुरानी ।

गगन हि गेब भया नर बोले एहि अखा जानत कोई ज्ञानी ।।३।।

: पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर जी की स्वर लिपि की पद्धति के अनुसार :

राग - बिभास ताल - त्रिताल

स्थाई — राग - बिभास — ताल - त्रिताल

प ध प ग रे सा | सा सा सा सा सा रे सा
o o o o — — | o o o o o o —
अ क ल क ला खे | ल त न र शा - नी
+ ७ | १ ३

प ग ऽ प प प प प | ध ध ध प ध सां प प
o ◡ ◡ o o — o o | — o o ◡ ◡ o o o
ऐ — — से हि ना व दि | दे फि रे द सों — दि स
+ ७ | १ ३

ग ग प ध सां ध प | ग ध प ग रे सा ||
o o o o — o o | o o o o — — ||
धु व ता — रे प र | र हे त नि शा नी ||

## अंतरा

ग ग ग ग प प ध ध | सां सां सां सां रें सां
o o o o o o o o | — o o o o —
च ल न व ल न अ व | नी प र वा — की
+ ७ | १ ३

ध ध ध सां सां रें रें | सां रें ग रें सां ध प
o o — o o o o | o o o o o o —
म न की सु र त अ | का — श ठ रा - नी
+ ७ | १ ३

ग ग ग प प प | प ध ध ध ध ध ध
— o o — o o | o o o o — o o
ले त्व स मा स त्र | यो — है स्व तं त र
+ ७ | १ ३

ग प ध सां ध प | ऽ ग रे ग रे सा |||
— o o — o o | o o o o — — |||
ऐ से — ही म हो | — त है — पा नी |||
+ ७ | १ ३

## स्वरलिपि के चिह्न

सां = तार सप्तक

रे॒ = कोमल स्वर

सा = एक मात्रा

सा = अर्ध मात्रा

ग = पाव मात्रा

पग = मींड

+ = खाली

।। = स्थायी के पूरे होने की निशानी

।।। = " अंतरा " के पूरे होने की निशानी

१ = सम

३, ७ = ताली